महिला एवं भूमि अधिकार कार्यशाला

पंजीकरण
समूह - २

3 नवम्बर से २० दिसम्बर 2022

आवेदन करने के लिए
स्केन या क्लिक करे

WGWLO
The Working Group for Women and land ownership

AGA KHAN RURAL SUPPORT PROGRAMME (INDIA)
A PROGRAMME OF THE AGA KHAN DEVELOPMENT NETWORK

THE Womanity FOUNDATION

महिला एवं भूमि अधिकार कार्यशाला

महिला और जमीन अधिकार कार्यकारी जुथ (WGWLO) द्वारा महिलाओं के भूमि अधिकारों पर एक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है।

पाठ्यक्रम के मुख्य बिन्दु

विशेषज्ञों द्वारा संचालित

यह कोर्स गुजरात में महिलाओं के जमीन स्वामित्व अधिकार को सक्षम करने में पिछले 20 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले विशेषज्ञो द्वारा संचालित है।

प्रायोगिक घटक

महिलाओ को भूमि अधिकार दिलाने हेतु, धरास्तरीय मामलों के अध्ययन द्वारा गहरी समझ

ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनो माध्यमो का प्रयोग

आठ सप्ताह की समयावधि में, पाठ्यक्रम में दो 2-3 दिवसीय आवासीय सेमिनार और तीन दो घंटे के साप्ताहिक सत्र शामिल होंगे

साथ-साथ सीखना

भारत में और विश्व स्तर पर WLR क्षेत्र के विशेषज्ञों से संवाद करते हुए सीखना

पाठ्यक्रम की प्रस्तुति और प्रोत्साहन

छोटे छोटे, सामुदायिक स्तर के प्रोजेक्ट, अध्ययनों, अभियानों आदि के कार्यान्वयन के माध्यम से मिली सीख को मजबूत करना।

इस कोर्स के माध्यम से महिलाओ के नजरिये से, महिलाओ के भूमि अधिकारो के कार्यक्रमो को डिजाइन करना और उसे पूरा करने का अनुभव और व्यावहारिक सीख

WLR पर कार्यरत लोगों/संस्था का राष्ट्रीयस्तर पर नेटवर्क बनाना

सामाजिक -कानूनी ढांचे मे, भारत में महिलाओं के भूमि अधिकारों संबंधी कानून और नीतियों के उद्भव और विकास पर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य विकसित करना

सभी 4 दिनों के व्यक्तिगत सत्रों को पूर्ण करके, 75% ऑनलाइन सत्र और प्रायोगिक कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

पाठ्यक्रम मॉड्यूल

1.

वैचारिक ढांचा

महिलाओं के भूमि अधिकारों का परिप्रेक्ष्य
निर्माण ढांचा: तर्क, स्थिति, बाधाएं और चुनौतियां
महिला दृष्टिकोण से

2.

भारत में WLR के लिए कानूनी और नीतिगत ढांचा

धार्मिक कानून, संवैधानिक अधिकार, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय नीति के ढांचे, राष्ट्रीय और राज्य की विशिष्ट नीतियां, और नए महत्वपूर्ण आदेश/कानून/नीतियां जो WLR को प्रभावित करते हैं

3.

प्रशासनिक ढांचा

जो महिलाओं के भूमि अधिकारों को सक्षम बनाता है: राज्य-विशिष्ट राजस्व कानून और प्रक्रियाएं

4.

कौशल्य वर्धन रूप रेखा

WLR को बढ़ाने के लिए मीडिया और संचार के प्रभावी उपयोग के लिए, WLR कार्यक्रम को डिजाइन करके प्रभावशाली संपादन, भूमि अधिकार मे टेक्नोलॉजी संबंधी कौशल्य वर्धन

5.

प्रेक्टिकल रूपरेखा

ज़मीनी स्तर पर लोगो को भूमि अधिकार के संबंध मे साक्षर करने के लिए, जमीन मालिकी संबंधी दस्तावेजो को पढने और समझने के लिए, शासन तंत्र के साथ प्रभावी रूप से काम करने के लिए प्रेक्टिकल रूपरेखा

पाठ्यक्रम मे प्रतिभागी

निर्देश

यह पाठ्यक्रम किसके लिए है?

यह पाठ्यक्रम CSOs (सिविल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन) और NGOs (संगठनों) के मध्य-स्तर / प्रबंधकीय स्तर के कर्मचारियों के लिए निर्देशित है जो महिला अधिकार मुद्दों, भूमि अधिकार मुद्दों या वन अधिकार मुद्दों पर काम कर रहे हैं और अच्छेसे हिंदी लिखना, पढना और बोलना जानते हो

हिंदी में निपुणता और इंटरनेट एवं ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफॉर्म की बुनियादी समझ होना आवश्यक है

ऑफ़लाइन सत्र

पाठ्यक्रम की शुरुआत और समापन के समय दो, 2-3 दिवसीय ऑफ़लाइन सेमिनार होंगे।

प्रतिभागियों को अहमदाबाद में कार्यक्रम स्थल से आने-जाने का खर्च खुद वहन करना होगा। सभी को आवास, भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

ऑनलाइन सत्र

तीन 2 घंटे के साप्ताहिक सत्र (शेड्यूल शीघ्र ही घोषित किया जाएगा)

प्रतिभागियों से निवेदन है कि अच्छे और स्थिर इंटरनेट कनेक्शन और स्थान सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

फील्ड वर्क सत्र

प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित फील्ड प्रोजेक्ट करेंगे

WLR कोर्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमें wgwlo.gujarat@gmail.com पर मेल करें

या अपना आवेदन यहां शुरू करें